जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय
चित्रकूट (उ0प्र0)–210204

पत्रांक : कुल0 कार्या0/ज0रा0दि0रा0वि0वि0/ 12236 /2024 दिनांक– 17/12/2024

नियुक्ति आदेश

विश्वविद्यालय की चयन समिति की संस्तुति के आधार पर प्रदान किए गये अनुमोदन के फलस्वरुप निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित विषय/विभाग में अनुबन्ध (संविदा) के आधार पर **अतिथि प्रवक्ता** के पद पर नियत मानदेय/पारिश्रमिक रु0 30,000/– प्रतिमाह पर नियुक्त करने का निदेश हुआ है–

क्रम संख्या	नाम	पिता का नाम	पद	विषय/विभाग
1	डॉ0 पवन कुमार दुबे	श्री राम आसरे दुबे	अतिथि प्रवक्ता	Education (B.Ed/M.Ed)
2	डॉ0 (कु0) पूजा पाण्डेय	श्री ब्रह्मदेव पाण्डेय	अतिथि प्रवक्ता	Education (B.Ed/M.Ed)
3	श्रीमती प्रतिमा शर्मा	श्री दयानन्द शर्मा	अतिथि प्रवक्ता	Fine arts
4	श्रीमती श्रेया पाण्डेय	श्री महेश चन्द्र पाण्डेय	अतिथि प्रवक्ता	Music (Vocal)
5	श्री जितेन्द्र गौतम	श्री मैया दीन	अतिथि प्रवक्ता	Computer & Information Sciences
6	श्री कप्तान सिंह	श्री कृष्ण लाल	अतिथि प्रवक्ता	Computer & Information Sciences

नियुक्ति की शर्तेः–

1. आपकी सेवायें विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दिनांक 31 मई 2025 तक के लिए मान्य होगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा आपकी सेवा किसी भी समय एक माह का नोटिस अथवा एक माह का पारिश्रमिक देकर समाप्त की जा सकती हैं। इसी प्रकार यदि आप स्वयं सेवा से मुक्त होना चाहते है तो आप एक माह की पूर्व सूचना देकर कार्यमुक्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार आपके कार्यों के मूल्यांकन के उपरान्त संतोषजनक सेवा पाये जाने पर अनुबन्ध की अग्रिम अवधि बढ़ाये जाने पर नियमानुसार विचार किया जा सकेगा।
2. यह नियुक्ति पूर्णतया निर्धारित संविदा पर व नियत मानदेय/पारिश्रमिक पर आधारित है। इस सम्बन्ध में आप नियमित नियुक्ति अथवा किसी प्रकार के अन्य प्रतिकर के हकदार नहीं होंगे।
3. कार्यभार ग्रहण करते समय आपको इस आशय का वचनबद्धता (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि आप अन्यत्र कहीं सेवायोजित नही है। भविष्य में यदि यह पाया जाता है कि आप विश्वविद्यालय में संविदा के आधार पर कार्यरत रहने की अवधि में कहीं अन्यत्र सेवायोजित है अथवा अपनी सेवायें किसी अन्य संस्थान में भी प्रदान कर रहें है तो आपके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
4. आपको औसत प्रतिमाह 01 दिवस का आकस्मिक अवकाश देय होगा।

5. यदि आपकी सेवा के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो वह चित्रकूट के कानूनी क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत होगा।
6. आप द्वारा शपथ पत्र पर नियुक्ति पत्र सम्बन्धी उपर्युक्त समस्त शर्तो की सहमति/स्वीकृति की घोषणा पत्रक उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यदि आप उपर्युक्त वर्णित शर्तो पर उक्त नियुक्ति को स्वीकार करते है, तो अपनी सहमति लिखित रूप से एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करे। कार्यभार ग्रहण करते समय आप द्वारा मूल अंक तालिकाएं/उपाधि तथा एक–एक स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेंगे। आपकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

भवदीय,

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:

1. निजी सचिव, मा0 कुलाधिपति को मा0 कुलाधिपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. माननीय कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी।
4. सम्बन्धित अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/प्रभारी।
5. स्थापना।
6. सम्बन्धित व्यक्ति।
7. गार्ड फाइल।

13/12/21.

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव।